सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 154 | इंदौर, गुरुवार 19 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Sambhal: सपा सांसद बर्क के घर जांच करने पहुंची बिजली विभाग की टीम, मीटर में मिली गड़बड़ी, भारी फोर्स तैनात
2. Weather Update: दिल्ली पर ठंड, कोहरे और प्रदूषण की तिहरी मार, थामी वाहनों की रफ्तार; ऑरेंज अलर्ट जारी

# एमपी से भी निकाले जाएं बांग्लादेशी घुसपैठिए : कैलाश विजयवर्गीय?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। ऐसे में जब राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए अभियान चला रही है। मध्य प्रदेश में भी ऐसा ही अभियान चलाए जाने की संभावनाओं पर सूबे के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि ऐसे घुसपैठिए जो मध्यप्रदेश एवं अन्य क्षेत्रों में हैं, उनको बाहर निकाला जाना चाहिए। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की भी जोरदार वकालत की।



मध्य प्रदेश के मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालना जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि घुसपैठिए हिन्दू नामों का इस्तेमाल कर अपना आधार कार्ड बनवाते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर कि भाजपा अन्य राज्यों में भी यूसीसी लागू करेगी। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह बिल्कुल सही है। बांग्लादेशी घुसपैठिए केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में ही मौजूद नहीं हैं। ये अन्य राज्यों में भी घुस चुके हैं। सनद रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा था कि भाजपा पहले ही उत्तराखंड में यूसीसी ला चुकी है। वह इसे सभी राज्यों में लागू करेगी।

कैलाश विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि घुसपैठियों ने एक खतरनाक खेल यह भी खेला है कि उन्होंने हिन्दू नामों और पहचान से अपने आधार कार्ड बनवा लिए हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि यूसीसी लागू किया जाना चाहिए। उन तामाम घुसपैठियों को जो मध्य प्रदेश और दूसरे क्षेत्रों में हैं, बाहर निकाला जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ऐलान कर दिया है कि उनके राज्य में जनवरी से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी हैं। इस कदम के साथ ही उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला सूबा बन जाएगा। यूनिवार्ता की रिपोर्ट के मुताबिक, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यह भी बताया कि समान नागरिक संहिता उत्तराखंड अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली गई है।

## मप्र में पुलिस भी सुरक्षित नहीं!




# चोर ने टीआई के घर से 5 मिनट में उड़ाए 7 लाख और जूलरी, CCTV देख दंग रह गए इंस्पेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। आम आदमी के घर चोरी और अपराध होने की घटनाएं तो आपने खूब देखी और सुनी होंगी। लेकिन, तब क्या हो जब लोगों की सुरक्षा में लगे पुलिसवालों के यहां चोरी हो जाए। आप भी सुनेंगे तो कहेंगे ऐसा भी हो सकता है क्या। आपको जानकर हैरानी होगी कि भोपाल में ऐसा गजब हो गया। यहां एक पुलिसवाले के घर में चोरी हो गई। पुलिसवाला कोई आम नहीं, बल्कि क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया जा रहा है।

इस घटना को सुनकर हर कोई इसलिए भी हैरान हो रहा है क्योंकि चोरी की यह वारदात दिनदहाड़े हुई है। चोर ने ताला तोड़कर पहले 7 लाख रुपए चुराए और सोने के जेवरात लेकर भी फरार हो गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस अपराधी का पता नहीं लगा पाई थी। एक तो राजधानी और दूसरा पुलिस से बेखौफ बदमाश का दुस्साहस देखकर हर तरफ चर्चा का दौर चल रहा है।

### पुलिसकर्मी के घर 5 मिनट में लाखों की चोरी

पुलिस के अनुसार चोर ने ताला तोड़कर अलमारी में रखे 7 लाख रुपए चोरी किए हैं। उसके बाद वह आराम से फरार हो गया। चोर ने चोरी की इस वारदात को महज पांच मिनट में अंजाम दे दिया। घटना के करीब आधे घंटे बाद टीआई अपने बेटे को स्कूल से लेकर घर पहुंचे तो उन्हें बाहर का ताला टूटा हुआ मिला। जब उन्होंने गौर से देखा तो घर में रखे रुपए और सोने के जेवरात गायब थे। पुलिस ने फिलहाल इस मामले को गोपनीय रखा है। ऐसा इसलिए क्योंकि जिसके घर में चोरी हुई है वह एक बड़ा पुलिस अफसर है। ऐसे में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# एक जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त में दर्शन देंगे खजराना गणेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना गणेश मंदिर में नव वर्ष के दिन दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मंदिर में भव्य साज-सज्जा की जाएगी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इधर तिल चतुर्थी पर 17 से 19 जनवरी 2025 तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन होगा, जिसमें भजन कार्यक्रम भी होंगे।**



इंदौर के लोगों की आस्था खजराना गणेश में है। नए साल की शुरुआत लोग भगवान के दर्शन से करना चाहते हैं। इसी को लेकर खजराना गणेश मंदिर में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इसके चलते 31 दिसंबर को दर्शन के समय को बदला गया है। रात 10 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। आमतौर पर ये पट रात 12 बजे बंद होते हैं। कलेक्टर ने बताया कि नए साल 1 जनवरी से भगवान खजराना गणेश अपने भक्तों को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 बजे से दर्शन देंगे।कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंदिर की दर्शन व्यवस्था को लेकर जानकारी दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा, डीसीपी अमरेन्द्र सिंह, मुख्य पुजारी अशोक भट्ट और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि 31 दिसंबर की रात और 1 जनवरी को लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए खजराना गणेश मंदिर आते हैं। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। दर्शन के लिए झिग-झेग और स्टेपिंग व्यवस्था होगी। मंदिर तक पहुंचने के लिए एकांगी मार्ग बनाए जाएंगे। गणेश भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर और परिसर को फूलों और विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। ट्रैफिक, पार्किंग, छाया, पेयजल, प्रकाश, और आकस्मिक चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। अस्थायी पार्किंग क्षेत्र भी चिन्हित किया जाएगा।

# मंत्री विजयवर्गीय ने जिम में बहाया पसीना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने अनुकरणीय विचार और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरणादायक संदेश साझा किया हैं। उन्होंने



स्वयं व्यायाम करते हुए एक वीडियो जारी किया और जनता से अपील की कि वे नियमित रूप से अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

विजयवर्गीय ने कहा- हमारे शरीर को स्वस्थ और सशक्त बनाए रखना न केवल हमारा कर्तव्य है बल्कि यह जीवन के प्रत्येक पहलू में सफलता और संतोष प्राप्त करने का आधार भी है। वर्ष के 12 महीने हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन सर्दी का मौसम व्यायाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने आगे कहा कि सर्दियों में हमारी पाचन शक्ति स्वाभाविक रूप से अधिक सक्रिय हो जाती है, जिससे शरीर भोजन को बेहतर तरीके से ग्रहण कर सकता है। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि हम अपने शरीर को सक्रिय रखने और ऊर्जा से भरपूर जीवन जीने के लिए व्यायाम को अपनाएं। उनका कहना है, जो भोजन हम इस मौसम में ग्रहण करते हैं, उसे सही ढंग से पचाने और शरीर को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम आवश्यक है। उन्होंने कहा- नियमित व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक स्फूर्ति और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उनका मानना है कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है।

# इंदौर एयरपोर्ट होगा देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट

## 22 दिसंबर को नागरिक उड्डयन मंत्री प्लांट का लोकार्पण करेंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का एयरपोर्ट भी अब जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनने जा रहा है। 22 दिसंबर को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू रीसायकल प्लांट का लोकार्पण करेंगे। सांसद श्री शंकर लालवानी ने अधिकारियों को एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट एयरपोर्ट पर काम करने के लिए कहा था, जो अब साकार रुप ले चुका है। सांसद श्री लालवानी ने बताया कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है और इंदौर ने कचरे से कंचन तक की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान को पूरा किया है। इसी तरह इंदौर एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा था और यहां के सफाई मित्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मेहनत से अब यह भारत का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बन चुका है, जिसका लोकार्पण केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री करेंगे।

इंदौर एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट बनाने की मूल अवधारणा फोर आर यानी रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल और रीस्टोर है। पहले इंदौर एयरपोर्ट को कचरे का निस्तारण करने के लिए नगर निगम को शुल्क चुकाना पड़ता था, लेकिन इस प्लांट के बनने के बाद आने वाले दिनों में एयरपोर्ट इससे कमाई भी करेगा। एयरपोर्ट पर एयरलाइन्स, दुकानों एवं गार्डन से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे के निस्तारण की व्यवस्था की गई है। इसमें गीले कचरे से कंपोस्ट खाद बनाया जाएगा, वहीं सूखे कचरे को अलग कर लिया जाएगा। बल्क वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के हिसाब से 3 हजार स्क्वायर फ़ीट की मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी बनाई गई है। इस पूरे प्रोजेक्ट को मूर्त रूप देने में इंडिगो एयरलाइंस सीएसआर फंड से मदद की है। साथ ही एयरपोर्ट ऑथोरिटी, संस्था आस एवं इंदौर नगर निगम की प्रमुख भूमिका रही है।

# चाइना लहसुन बंद करने और लहसुन के सही भाव नहीं मिलने पर हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में बुधवार को चोइथराम मंडी में किसानों ने चाइना लहसुन बंद करने और लहसुन के सही भाव नहीं मिलने पर हंगामा कर दिया। नाराज किसानों ने मंडी के गेट बंद कर एक घंटे तक प्रदर्शन किया। व्यापारी और बोली लगाने वालों पर मिलीभगत का आरोप लगाया, इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी किसानों के बीच पहुंचे।**



लहसुन के भाव अचानक बहुत ज्यादा गिरने और चाइना माल की आवक होने को लेकर असंतुष्ट किसानों ने सोमवार को देवी अहिल्या बाई फल एवं सब्जी मंडी, चौइथराम मंडी में हंगामा कर प्रदर्शन किया। आठ दिनों में किसानों ने बुधवार को तीसरी बार मंडी बंद की है। किसानों ने मंडी के दोनों गेट बंद कर बाहर सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच किसानों ने नारेबाजी भी। इससे मंडी के अंदर और बाहर वाहनों की कतारें लग गई। फिर मंडी प्रशासन हरकत में आया और किसानों को समझाइश दी गई। फिलहाल मंडी में शांति बनी हुई है और नीलामी रोजाना सुचारू रूप से जारी है। मंडी के अंदर और बाहर डेढ़ घंटे तक हंगामा हुआ। सुबह 10 बजे मंडी में नीलामी शुरू हुई। लहसुन का भाव 5 से 7 हजार रुपए कम सुनते ही किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। सिमरोल के किसान अरुण खेर, कोमल धाकड़, नीरज पटेल, संतोष सोलंकी ने बताया कि मंदसौर, नीमच, शाजापुर, देवास, पिपलियामंडी, कोटा मंडी में भाव 500 से 700 रुपए गिरते हैं। इंदौर मंडी में व्यापारियों और अधिकारियों की मिलीभगत से 5 से 7 हजार रुपए एक दिन में ही गिरा दिए जाते हैं। भाव 500 से एक हजार या 1500 रुपए तक ही बढ़ाते है। एक दिन में इतनी गिरावट से किसानों को बहुत नुकसान होता है। कई किसान लहसुन वापस ले गए थे।

## वाहनों की चेकिंग का अभियान जारी

# 20 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही- एक ट्रक जब्त, वसूला 1 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र, वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। परिवहन बसों में ओवर लोडिंग तथा अधिक



किराया वसूली की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर



एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के दौरान आज दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली यात्री बसों एवं स्कूल वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 20 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान वाहन संचालकों से एक लाख 5 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। बिना परमिट के संचालित एक ट्रक को भी जब्त किया गया।

# 24 घंटे से जारी MPPSC अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

## मांगों को लेकर लोक सेवा अयोग के बाहर रातभर कड़ाके की ठंड में बैठे रहे

इंदौर। इंदौर में 24 घंटे से MPPSC अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी है। रातभर से कड़ाके की ठंड में अभ्यर्थी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर ऑफिस के बाहर बैठे हैं। सुबह से कई अभ्यार्थी यहां पहुंचे लगे हैं। उनका कहना है की जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। अब वे आमरण अनशन की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने सभी कोचिंग संस्थान से बंद की भी अपील की थी। ये प्रदर्शन नेशनल एजुकेडेट यूथ यूनियन के नेतृत्व में हो रहा है।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के बैनर तले एमपीपीएससी के अभ्यर्थी बुधवार सुबह 10 बजे डीडी पार्क पर एकत्रित हुए। हजारों की संख्या में अभ्यर्थी सड़कों पर उतरे और एमपीपीएससी न्याय यात्रा के रूप में वे विभिन्न मार्गों से होते हुए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के दफ्तर पहुंचे। अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही यहां पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना था कि आयोग के अधिकारी बाहर आकर उनसे मिले। साथ ही उनकी मांगों का निराकरण करने के लिए लिखित आश्वासन में दिया जाए। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसके चलते अभ्यर्थी आयोग के दफ्तर के बाहर ही सड़क पर धरने पर बैठ गए। रातभर कड़ाके की ठंड में वे बाहर बैठे रहे। 24 घंटे बाद भी उनका प्रदर्शन जारी है। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आयोग दफ्तर के बाहर डटे हुए हैं।



### इन मांगों को लेकर कर रहे प्रदर्शन

2019 में मुख्य परीक्षा (Mains) की कॉपियां दिखाई जाए और मार्क शीट जारी की जाए।

MPPSC 2025 में राज्य सेवा में 700 और वन सेवा में 100 पदों के साथ नोटिफिकेशन जारी हो।

2023 राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी किया जाए।

87/13 फार्मूला खत्म करके सभी परिणाम 100 प्रतिशत पर जारी किए जाए।

MPPSC की भर्ती प्रक्रिया में नए सुधार जैसे – प्रारंभिक परीक्षा में UPSC की तरह एक भी प्रश्न गलत न बनाए जाए, नेगेटिव मार्किंग शुरू की जाए। CGPSC की तरह मुख्य परीक्षा की कॉपी जांची जाए। इंटरव्यू के मार्क्स कम करके बिना कैटेगरी और सरनेम के वीडियो रिकॉर्डिंग साथ आयोजित हो।




### आमरण अनशन की तैयारी

नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन की राष्ट्रीय कोर कमेटी के राधे जाट ने कहा कि हमारे प्रदर्शन को 24 घंटे हो चुके है। मगर संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिला है। अगर उनकी मांगों का निराकरण नहीं होता है तो वे आमरण अनशन करेंगे। सुबह से ही अभ्यर्थी हाथों में बैनर पोस्टर लेकर सड़कों पर बैठे नजर आए।

# बैंक कर्मियों ने की 4.31 करोड़ की धोखाधड़ी, 13 लोगों पर की एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में बैंक कर्मियों और फर्म द्वारा 4.31 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इओडब्ल्यू ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। बैंक की ओर से शिकायत की गई थी कि 10 फर्म को कारोबार के लिए 3.48 करोड़ रुपए का लोन अलग-अलग पतों के फर्जी दस्तावेज के आधार पर दिया गया था।**

दस साल पुराने मामले में इओडब्ल्यू ने 12 दिसंबर को केस दर्ज किया है, जिसका खुलासा बुधवार को हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा के असिस्टेंट जनरल मैनेजर शैलेष कुमार पारख ने इस मामले में शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि जिन लोगों को लोन दिया गया, उन्होंने जिस उद्देश्य से लोन लिया, उसकी जगह दूसरे काम किए। लोन का यह पैसा भी बैंक को नहीं लौटाया। जो ब्याज सहित बढ़कर 4.31 करोड़ हो गया इसलिए बैंक की ओर से 4.31 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की गई थी, इओडब्ल्यू ने सभी फर्म से पूछताछ की। इओडब्ल्यू ने बताया कि सभी के बयानों के मुताबिक सितंबर 2015 से दिसंबर 2015 यानी चार माह में 5 लोन और फिर 2017 में कुल 8 लोन लिए। इओडब्ल्यू के मुताबिक जब बैंक की ओर से लोन दिया गया तो फर्म के दस्तावेज भी चैक नहीं किए गए और पते के भौतिक सत्यापन में भी गड़बड़ी की गई। इस संबंध में तत्कालीन बैंक मैनेजर मुकेश पंड्या (अब मृत) ने भी गलत रिपोर्ट तैयार की थी। इसके चलते नाकोड़ा भैरव गारमेंट्स, माई चॉइस ड्रेसेस, महावीर रेडीमेड गारमेंट, रचना फूड्स, मधुर इंडस्ट्रीज, चैतन्य इंटर प्राइजेज, अरिहंत ट्रेडर्स, श्री राधे फूड्स, डीआर इंटर प्राइजेसज, भावना एपेरल्स को लोन दिया गया था।

### 3 बैंककर्मियों सहित 10 पर धोखाधड़ी का केस

बैंक कर्मी स्वप्निल पुरोहित, शिरीष सातारकर, रूचका कैलोत्रा सहित फर्म के संचालक प्रकाश चंद्र सैनी, रचना सैनी, पारुल जैन, अमित कुमार दुबे, रीनू जैन, रीचपाल सैनी, रजनीकांत, हेमेंद्र सिंह गहलोत, रविशंकर अहिरवार, तेजेश सुतारिया सहित अन्य पर धारा 420, 467, 468, 471, 120 (बी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया हैं। आरोपियों ने 28 जून 2014 से 31 दिसंबर 2017 के बीच पैसों का लेनदेन किया था।

# लाखों की चांदी ले गए चोर

## ◆ शटर उचकाकर बदमाशों ने की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तिलक नगर में बदमाशों ने लाखों की चांदी चोरी कर ली। बदमाश यहां शटर तोड़कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।**

पड़ोस की होटल पर काम करने वाले एक लड़के ने मामले में दुकान मालिक को जानकारी दी। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपियों पर केस दर्ज किया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। अफसरों के मुताबिक जहां चोरी हुई। वहां दुकान पर कैमरे नहीं लगे हुए थे।

तिलक नगर पुलिस ने सुनील कुमार जैन निवासी सुख शांति नगर की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सुनील की विद्यासागर ज्वेलर्स के नाम से शॉप है। यहां उन्हें सुबह पड़ोसी की होटल पर काम करने वाले एक युवक ने बताया कि उनके दुकान का शटर टूटा हुआ है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और सामान चेक किया तो अंदर से चांदी और अन्य गिफ्ट आयटम गायब मिले।

सुनील ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि बदमाश उनकी दुकान में रखी चांदी की 90 लेडीज अंगूठी, 95 जेंट्स अंगूठी, पूजा के 8 कलश, चांदी के चंवर, नारियल, चांदी के हाथ पैर, चांदी के पूजन सामग्री के गैती-फावडे सहित 40 हजार रूपए नकदी चुराकर ले गए।

गांधी नगर में लाखों की सोयाबीन से भरा ट्रक चोरी हो गया। पुलिस को ट्रक के बारे में जानकारी मिल गई है। वही टीम गाड़ी की तलाश में गई है। बताया जाता है कि ड्राइवर के नशे में होने के चलते चोर उक्त ट्रक को चुराकर ले गए।

पुलिस ने ड्राइवर मनोहर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। मनोहर ने बताया कि वह मंगलवार को हातोद से सोयाबीन की 220 बोरी लेकर संयोगितागंज अनाज मंडी के यहां से निकला। सुपर कॉरिडोर के यहां नो इंट्री होने के चलते ट्रक नंबर MP09HG1364 दिलीप नगर की शराब दुकान के यहां खड़ी कर शराब पीने गया।

वापस आने पर ट्रक मनोहर को जगह पर नही मिला। बाद में उसने मालिक पूरन को जानकारी दी। पुलिस टीम ने फुटेज के आधार पर ट्रक की जानकारी निकाली है। इस मामले में दो संदिग्ध को हिरासत में भी लिया गया है।

# देशभर में 13 बैंक खाते 25 मोबाइल नंबर मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने कनाड़िया के मानवता नगर में एक मकान पर दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले आठ आरोपियों को पकड़ा था। इस मामले में क्राइम ब्रांच को विभिन्न राज्यों के 13 बैंक खातों का पता चला है। साथ ही 25 मोबाइल नंबर मिले हैं, इनकी डिटेल निकाली जा रही है। ये जानकारी इस मामले में पकड़ाए 8 आरोपियों से रिमांड पर हुई पूछताछ में सामने आई है। इनसे 6 लैपटॉप, 29 मोबाइल और 13 बैंक खातों की पासबुक जब्त की गई थी। करोड़ों का हिसाब मिला था। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि यह 13 बैंक खाते उत्तरप्रदेश (पश्चिम), महाराष्ट्र, राजस्थान, असम, दिल्ली के पाए गए हैं। इन खातों की केवाईसी और खाता धारक की जानकारी निकली जा रही है। रॉक एक्सचेंज की 4 वेबसाइट के डोमेन सर्वर और आईपी एड्रेस की जानकारी पता कर रहे हैं। गैम्बलिंग में प्रयोग होने वाले 26 मोबाइल नंबर मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, बिहार, असम, आंध्र प्रदेश, झारखंड के हैं। लोकेशन से इनकी जांच की जा रही है। अज्ञात आरोपी डेनियल के वर्चुअल नंबर से कम्युनिकेशन करता था, इसकी भी जांच जारी है। परीक्षित लोहार (26) निवासी ग्राम दलौदा, जिला मंदसौर, रोशन लालवानी (20), विजय विश्वकर्मा (22), अभिषेक यादव (26), रुचित सिंह(25), राजेश कोतक (19), प्रफुल्ल सोनी (29), महेंद्र सिंह (28) सभी जिला मंदसौर के रहने वाले हैं।

### युवक ने ब्रिज से कूदकर आत्महत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में सुपर कॉरिडोर ब्रिज से कूदकर युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना बाणगंगा इलाके की है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम लोकेश (38) पिता सुखदेव शर्मा है। वह शहर के परदेशीपुरा का रहने वाला था। एडीशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक ने मंगलवार रात आत्महत्या की, बुधवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

# रियल एस्टेट कारोबारियों के 52 ठिकानों पर छापा

## आयकर विभाग को त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के 10 लॉकर्स मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में रियल एस्टेट कारोबारी त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक राजेश शर्मा के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड चल रही है। उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी है। आयकर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार सुबह 6.45 बजे एक साथ रेड डाली गई।

जांच टीम को राजेश शर्मा के अब तक 10 लॉकर्स की जानकारी मिली है। इसके अलावा भारी मात्रा में ज्वेलरी मिली है।



इसका वैल्यूएशन किया जाना बाकी है। टीम ने भोपाल, ग्वालियर और इंदौर में 52 ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें से 49 ठिकाने भोपाल के हैं, इंदौर में 2 और ग्वालियर में 1 बिल्डर के यहां छापा मारा गया है। आयकर विभाग की टीम ने अब तक की जांच में 3 करोड़ रुपए कैश जब्त किया है। इसमें 1 करोड़ 20 लाख रुपए एक अन्य बिल्डर के यहां से जब्त हुए हैं। इसके अलावा सभी बिल्डरों के यहां की गई छापेमारी में भारी संख्या में दस्तावेज, मोबाइल, कंप्यूटर हार्ड डिस्क डेटा मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है।

### इंदौर, ग्वालियर में भी छापे

भोपाल में नीलबड़, एमपी नगर, कस्तूरबा नगर, होशंगाबाद रोड, 10 नंबर मार्केट, मेंडोरी, मेंडोरा, आरपीएम टाउन में अलग-अलग ठिकानों पर जांच जारी है। इंदौर में भी त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के आदित्य गर्ग के यहां छापेमारी हुई। ग्वालियर में रामवीर सिकरवार के यहां छापे की कार्रवाई की गई है।

# ऑक्सीजन पाइप काटा, 12 नवजात की जान खतरे में पड़ी

## सप्लाई बंद होने पर बच्चे रोये, अलार्म बजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़। राजगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती 12 नवजातों की जान उस वक्त खतरे में पड़ गई, जब चोर वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई की पाइपलाइन काट ले गए। घटना के वक्त NICU (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में 20 बच्चे भर्ती थे। इनमें से 12 ऑक्सीजन सप्लाई पर थे। घटना मंगलवार रात की है। जैसे ही इसकी जानकारी मेडिकल स्टाफ को लगी, उन्होंने सीनियर डॉक्टर को सूचना दी।**

जानकारी मिलने पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएस माथुर हॉस्पिटल पहुंचे। ऑक्सीजन यूनिट की ओर गए तो पाइपलाइन





कटी दिखी। इसके बाद अस्पताल में ही रखे जंबो सिलेंडर से बच्चों को ऑक्सीजन सप्लाई की गई। पोस्टमार्टम रूम के पास ऑक्सीजन सिलेंडर की कॉपर की पाइपलाइन करीब 10 से 15 फीट तक कटी हुई थी। मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने इस पाइपलाइन को काटकर चुरा लिया। पाइपलाइन कटने के कारण NICU वार्ड में भर्ती बच्चों के लिए ऑक्सीजन की सप्लाई बंद हो गई थी। इससे बच्चे रोने लगे और अस्पताल में अलार्म भी बजने लगा। अस्पताल स्टाफ ने तुरंत डॉक्टरों को सूचना दी और NICU वार्ड के बाहर लगे इमरजेंसी जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर से ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू की। इससे NICU वार्ड में भर्ती बच्चों को किसी बड़ी दुर्घटना से बचा लिया गया।

# पीथमपुर से लिए पानी के सैंपल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पीथमपुर।** केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की टीम जोगेंद्र कुमार सक्सेना के नेतृत्व में बुधवार दोपहर करीब 3 बजे पीथमपुर के तारपुरा पहुंची। यहां तारपुरा सहित आसपास के इलाकों से पानी के सैंपल लिए। प्रदूषण बोर्ड के जोगेंद्र सक्सेना ने कहा कि इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि यह प्रदूषित है या नहीं। सोमवार को भी गैस राहत और पुनर्वास विभाग के निदेशक स्वतंत्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उनके क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारियों ने कॉमन हैजर्ड्स वेस्ट ट्रीटमेंट, स्टोरेज और डिस्पोजल फैसिलिटी का दौरा किया था।

# पुष्पा-2 दिखाकर गला घोंट दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर में 30 हजार रुपए नहीं लौटाने पर युवक की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने वारदात से पहले युवक को शराब पिलाई, ध्यान भटकाने के लिए पुष्पा-2 मूवी दिखाई। इसी दौरान पीछे से गले में रस्सी का फंदा लगाकर मार डाला। फिर शव को झाड़ियों के बीच ले जाकर खंती में पत्थरों की मदद से दफना दिया। शव से दुर्गंध न आए और जल्द गल जाए इसलिए नमक भी डाला। लाश को ठिकाने लगाने का यह तरीका मुख्य आरोपी ने यूट्यूब से सीखा था। वारदात में एक नाबालिग भी शामिल है। हत्या के बाद तीन दिन तक आरोपी आराम से अपने घर में रह रहे थे। अब दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।**

सागर में काकागंज निवासी ऋषि पिता महादेव अहिरवार (21) ऑटो रिक्शा चलाता था। वह 7 दिसंबर को घर से ऑटो रिक्शा लेकर निकला। करीब दो घंटे बाद नहीं लौटा तो परिवार वालों ने फोन लगाया लेकिन बात नहीं हो पाई। शाम को दोबारा कॉल किया तो फोन बंद आ रहा था। रात तक ऋषि घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने तलाश शुरू की। 8 दिसंबर को मोतीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने ऋषि के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकलवाई। इसके आधार पर 10 दिसंबर की रात रेलवे स्टेशन के पास एक संदिग्ध को पकड़ा। थाने लाकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने ऋषि की हत्या किए जाने की बात कबूल ली। पुलिस रात में ही वारदात स्थल पर पहुंची और छानबीन की। यहां शव होने की पुष्टि हुई। 11 दिसंबर को पुलिस ने शव बरामद कर लिया।

# शराब पिलाकर दोस्त को 250 फीट की खाई में फेंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरानाला।** उमरानाला पुलिस ने कुकड़ी खापा में हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक को उसी के दोस्तों ने शराब पिलाकर मौत के घाट उतार दिया था।

दरअसल पूरा मामला 1 दिसंबर का है जब मोहपानी निवासी कृष्णा पिता सुरेश पंद्राम की कुकडी खापा झरने के पास संदिग्ध अवस्था में लाश मिली थी। पुलिस ने जब इस मामले की जांच की तो पता चला की घटना के समय उसके साथ उसका दोस्त आकाश गिरारे पिता दशरथ गिरारे भी मौजूद था। जिसने पैसों के लालच में अपने दोस्त को पहले खूब शराब पिलाई उसके बाद उसे ढाई सौ फीट नीचे खाई में फेंक दिया था। मृतक कृष्णा के खाते से घटना के बाद 17 हजार और 20 हजार का ट्रांजैक्शन किया था, जिसके बाद पुलिस ने जब मामले की छानबीन किया तो पता चला कि वह मृतक के दोस्त का परिचित था। आरोपी आकाश ने पैसों की लालच में कृष्ण की हत्या की थी। दोनों ने शराब पी और जब कृष्णा को नशा ज्यादा हो गया तो आरोपी आकाश ने उससे पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर आकाश ने कृष्णा का मोबाइल ले लिया और कृष्णा को कुकड़ीखापा जलप्रपात में करीब 200-250 फीट नीचे पत्थरों में धक्का दे दिया।

## पति से अफेयर के शक में महिला की हत्या

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, जबलपुर।** जबलपुर में पति से अफेयर के शक में पत्नी ने एक महिला की हत्या कर दी। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी में महिला ने दो महिलाओं पर चाकू से हमला किया। गर्दन पर हुए वार के चलते एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाके के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना माढ़ोताल थाना इलाके की है। जानकारी के मुताबिक शिखा नाम की महिला को शक था कि उसके पति का पड़ोस में ही रहने वाली महिला से अफेयर चल रहा है। इसी संदेह के चलते वो पति को रंगे हाथ पकड़ने के लिए उस महिला की सहेली के घर पहुंची थी। यहीं उसने चाकू से हमला किया।

## आबकारी नीति के निर्धारण के लिये मंत्रि-परिषद समिति का गठन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, भोपाल।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये आबकारी नीति के निर्धारण एवं समय-समय पर अनुषांगिक विषयों पर निर्णय लेने के लिये मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया गया है। समिति में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत को मनोनीत किया गया है। प्रमुख सचिव वाणिज्य कर समिति के सचिव होंगे।

# संपादकीय

## बहुत गहरे हैं कुंभ के मायने

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का अद्भुत और बेमिसाल मिश्रण है। हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत के चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एवं प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदियों, गंगा, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है। कहना न होगा कि इनमें से प्रत्येक शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित हैं। आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार उत्सव का केंद्र बन जाएगा, जो लाखों तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक राज के साथ-साथ सनातनी राज जैसी जनभावनाओं का भी बीजारोपण करे, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बड़ा उपकार होगा। क्योंकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियां हीं हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीड़न की पर्याय बनती जा रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में हिन्दू जनमानस प्रताड़ित हो रहा है और हमारे नागा साधु भी इस स्थिति से उन्हें निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योंकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीड़न को अघोषित गारंटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतों को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा। विश्व जनमानस पर भी इसका दबाव पड़े, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अतिक्रमित हिन्दू मंदिरों के पुनरुद्धार का मसला भी यहां उठना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे हैं, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए। वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्ध मिश्रण शामिल है। क्योंकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्र होते हैं। इसलिए सनातनी हितों के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते हैं, इसलिए सनातनी संवेदनाओं को समझते उन्हें देर नहीं लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समझा पाएंगे। यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुंभ स्नान से उनके पाप धुल जाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुंभ मेला न केवल भारत की गहरी जड़ें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है।

**शाही स्नानः** महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। माना जाता है कि शुद्धिकरण का यह कार्य व्यक्ति और उनके पूर्वजों दोनों को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त कर देता है, जिससे अंततः मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है।

स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते हैं और साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते हैं, जिससे जीवन के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे तो पूरे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथियां विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते हैं, जो शाही स्नान या 'राजयोगी स्नान' के नाम से जाने जाने वाले भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं। यह महाकुंभ मेले के आधिकारिक शुरूआत का प्रतीक है और इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है। शाही स्नान की परंपरा इस विश्वास पर आधारित है कि जो लोग अनुष्ठान में भाग लेते हैं उन्हें पवित्र जल में डुबकी लगाने पर पुण्य कर्मों का आशीर्वाद मिलता है और उनसे पहले आए संतों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है।

**आरतीः** नदी के किनारों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला गंगा आरती समागम में आए लोगों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होता है। इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान पुजारी जगमगाते दीपक पकड़कर दृश्य अभिनय प्रस्तुत करते हुए कठिन धर्मक्रिया करते हैं। गंगा आरती हजारों भक्तों को आकर्षित करती है, जिससे पवित्र नदी के प्रति गहरी भक्ति और श्रद्धा जागृत होती है।

## धर्म-कर्म

# सफला एकादशी कब है, साल की आखिरी एकादशी पर इस मुहूर्त में पूजा करने से नया साल भी होगा सफल

सफला एकादशी का व्रत जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है, ऐसी मान्यता है। इस साल के अंत में यह एकादशी पड़ रही है। साल की अंतिम एकादशी पर विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से आपको साल 2025 में भी हर कार्य में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन पवित्र नदी में स्नान और भगवान विष्णु की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस व्रत को करने वाले व्यक्ति को सभी शुभ कार्यों में सिद्धि का आशीर्वाद मिलता है और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। यह एकादशी सभी प्रकार की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मानी जाती है। देखें कब है सफला एकादशी और साथ ही यह भी जानें कि इस दिन क्या करना चाहिए और क्या नहीं।



### सफला एकादशी कब है

पंचांग के अनुसार, इस साल की आखिरी एकादशी, सफला एकादशी, 26 दिसंबर, गुरुवार को है। पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 25 दिसंबर की रात 10 बजकर 29 मिनट पर शुरू होगी। यह 26 दिसंबर की रात 12 बजकर 43 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के हिसाब से सफला एकादशी 26 दिसंबर को मनाई जाएगी।

### सफला एकादशी का महत्व

सफला एकादशी पर तुलसी का पौधा लगाना बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन तुलसी लगाने से धन-समृद्धि बढ़ती है। घर के उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में तुलसी का पौधा लगाएं। अगर व्रत नहीं रख सकते, तो भी साल की अंतिम एकादशी होने की वजह से इस दिन विधि-विधान से पूजा करें और दान पुण्य जरूर करें। ऐसा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। सफला एकादशी पर भगवान विष्णु को खीर का भोग लगाएं। खीर में तुलसी दल जरूर डालें। तुलसी का पौधा घर में सकारात्मक ऊर्जा लाता है। इसलिए सफला एकादशी पर तुलसी जरूर लगाएं। तुलसी को लक्ष्मी का रूप माना जाता है। इसलिए तुलसी की पूजा करने से धन की प्राप्ति होती है। सफला एकादशी पर व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। अगर व्रत संभव न हो, तो पूजा-पाठ करके प्रसाद ग्रहण करें। इससे भी पुण्य मिलता है।

### सफला एकादशी की पूजाविधि

एकादशी के दिन भक्त भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करते हैं। पूजा सुबह और शाम दोनों समय की जाती है। सुबह पूजा के दौरान माथे पर सफेद चंदन या गोपी चंदन लगाना चाहिए। भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए पंचामृत बनाना न भूलें। पंचामृत के साथ मौसमी फल भी अर्पित करें। पूजा शुरू करने से पहले दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें। एकादशी व्रत कथा पढ़ना भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे व्रत का पूरा फल मिलता है।

# मकान में भूत-प्रेत नकारात्मक शक्ति का डर सता रहा, वास्तु के ये उपाय तुरंत कर सकते हैं मदद

यूं तो विज्ञान भूत-प्रेत, नकारात्मक शक्तियां आदि में विश्वास नहीं करता है लेकिन अगर आप घर में इन सभी चीजों को महसूस कर रहे हैं तो यह आर्टिकल आपकी मदद कर सकता है। एक रिसर्च में बात सामने आई है कि पांच में से तीन व्यक्तियों का भूत-प्रेत, उपरी बाधा आदि चीजों से सामना हुआ है और जब ये सभी चीजें घर पर ही होने लगें तो मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। वास्तु शास्त्र में घर में मौजूद नकारात्मक शक्तियों को दूर करने के लिए कुछ विशेष उपाय बताए गए हैं, इन उपायों के करने से ना सिर्फ भूत-प्रेत आदि नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलेगी बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह भी बना रहेगा। आइए जानते हैं वास्तु के कौन से उपाय से नकारात्मक शक्तियों को कैसे दूर कर सकते हैं...



### खिड़की व दरवाजों पर रखें ये चीजें

अगर आपकी कमरे की खिड़की या दरवाजा आदि ऐसी दिशा में खुलता हो, जो एक वीरान प्लॉट, सालों से बंद पड़ा मकान, खंडहर, कब्रिस्तान, श्मशान या घोर जगंल हो तो यह घर और घर के सदस्यों के लिए अच्छा नहीं माना जाता। इसके लिए खिड़की या दरवाजे के पास कांच की प्लेट में फिटकरी के टुकड़े रख दें। साथ ही फिटकरी के टुकड़ों को हर महीने बदलते रहें। ऐसा करने से घर में नकारात्मक शक्तियों का प्रवेश नहीं होगी और इससे आपका घर भी सेफ रहेगा।

### घर के आंगन में जलाएं ये चीजें

अगर किसी मकान में भूत-प्रेत, ऊपरी बाधा आदि नकारात्मक ऊर्जा का वास हो गया है तो मकान की लॉबी बरामदे या आंगन में शाम के समय किसी धातु की कटोरी में कपूर की एक छोटी सी टिकिया जलाएं और आप उसको पूरे घर में भी दिखाएं। ऐसा करने से मकान में मौजूद नकारात्मक शक्तियों का अंत होगा और धीरे धीरे सकारात्मक ऊर्जा का आना शुरू हो जाएगा।

### शाम के समय सुनें यह चीज

अगर घर में कभी कभी मन उदास रहता हो, परिवार के सदस्य काम की वजह से घर से बाहर या दूर रहते हों, परिवार टूट गया हो या फिर अन्य मकानों में रहने चले गए हों तो ऐसी स्थिति में हर शाम को धीमी आवाज में धार्मिक गाने सुनें। साथ ही कोई शुभ मुहूर्त देखकर घर में पूजा पाठ या हवन करवाएं। ऐसा करने से घर में छाई उदासी दूर होगी और घर के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम भी जागृत होगा।

### इस रंग का बल्ब लगाएं

अगर किसी कमरे में बच्चे या बड़ों को अच्छी नींद ना आ रही है, सोते समय अचानक जाग जाते हों या डरावने सपने दिखाई दे रहे हों तो वास्तु के अनुसार, उस कमरे में 0 या 15 वॉट का पीले रंग का बल्ब रात में जलाएं। साथ ही बच्चों के पलंग के सिरहाने की तरफ पास वाले दोनों कोनों में तांबे के तार से बने स्प्रिंग नुमा छल्ले रखें। ऐसा करने से कमरे में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी और डरावने सपने भी नहीं आएंगे।

### इस चीजों को घर से निकालें

वास्तु के अनुसार, कभी भी टूटे शीशे में मुंह नहीं देखना चाहिए और ना ही घर में टूटी फूटी चीजें रखनी चाहिए। साथ ही किसी भी तरह का कबाड़ अगर घर में मौजूद है तो उसको बाहर निकाल दें। साथ ही दरवाजे के आगे या पीछे कभी भी कैलेंडर या घड़ी ना टांगें। घर में मौजूद ऐसी चीजों से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है इसलिए घर में हमेशा नई, साफ-सुथरी चीजें ही रखें। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है।

New Delhi

# मुंबई नेवी बोट क्रैश में स्पीड बोट के ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज, हादसे में 13 मौतें, 99 किए गए रेस्क्यू

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई तट के पास बुधवार को नौसेना के स्पीड बोट और यात्री नाव के बीच टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई और 99 लोगों को रेस्क्यू किया गया है. नौसेना ने बताया कि घटना करीब 4 बजे हुई जब एक नौसेना स्पीड बोट इंजन टेस्टिंग के दौरान नियंत्रण खो बैठा और करंजा के पास नील कमल नामक यात्री फेरी से टकरा गया. इस मामले में बोट ड्राइवर समेत अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है.

नील कमल फेरी गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा द्वीप पर यात्रियों को ले जा रही थी. जानमाल की खबर के बाद नौसेना ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया, जिसमें



कोस्ट गार्ड और मरीन पुलिस का सहयोग लिया गया. अभियान में चार नौसेना हेलीकॉप्टर, 11 नौसेना पोत, एक कोस्ट गार्ड बोट और तीन मरीन पुलिस बोट शामिल रही.

हादसे के लिए नौसेना की स्पीड बोट के ड्राइवर समेत अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुंबई के कोलाबा पुलिस थाने में FIR दर्ज की गई है. FIR रेस्क्यू किए गए 22 वर्षीय नाथाराम चौधरी द्वारा दर्ज कराई गई. देर रात पुलिस ने 10 मृतकों की पहचान की है और उनमें से कुछ के नाम जारी किए हैं.

मृतकों के नामः 1) महेंद्र सिंह शेखावत (नौसेना); 2) प्रवीण शर्मा (एनएडी नाव पर कर्मी); 3) मंगेश (एनएडी नाव पर कर्मी); 4) मोहम्मद रेहान क़ुरैशी (यात्री नाव); 5) राकेश नानाजी अहिरे (यात्री नाव); 6) सफियाना पठान; 7) माही पावरा (उम्र 3); 8)

Uttarpradesh

## शादी के आठवें दिन दुल्हन की मांग हुई सूनी, ट्रेन से कटकर दूल्हे की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिली क्षत-विक्षत लाश



**झांसी, (एजेंसी)** यूपी के झांसी में शादी के सात दिन बाद दूल्हे की ट्रेन से कटकर मौत हो गई. उसका शव झांसी-कानपुर रेल लाइन पर पड़ा मिला. सुसाइड की आशंका जताई जा रही है. हालांकि, पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है. बताया जा रहा है कि युवक सुबह दुकान पर जाने की बात कहकर घर से निकला था. मगर इसके बाद लौट कर नहीं आया. उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था.

आपको बता दें कि पूरा मामला झांसी जनपद के मोंठ थाना क्षेत्र के भरोसा गांव का है, जहां रहने वाला 21 वर्षीय शिवम अहिरवार पुत्र ठाकुरदास अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था. उसकी बड़ी बहन संगीता की शादी हो चुकी है. पिता खेती किसानी करते हैं.

मृतक के चाचा जयप्रकाश ने बताया कि शिवम बलरामपुर में अपने जीजा के घर पर रहकर पानी पुरी का काम करता था. 11 दिसंबर को उसकी शादी दतिया के कालीपुरा गांव निवासी काजल से हुई थी. शादी के बाद से बहू घर पर थी. घर में खुशियों का माहौल था. लेकिन बुधवार की सुबह करीब 9 बजे शिवम दुकान से सौदा लाने की बात कहकर घर से चला गया, फिर इसके बाद लौटकर नहीं आया. फोन लगाया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा था.

आशंका होने पर उसकी तलाश शुरू की गई. दोहपर में सूचना मिली कि रेलवे पटरी के पास एक युवक की लाश पड़ी है. जब मौके पर पहुंचे तो लाश शिवम की थी.

Bihar

## पटना-बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में लगी आग, यात्रियों में हड़कंप; डुमरांव स्टेशन के पास हादसा

**पटना, (एजेंसी)** पटना से बांद्रा जा रही पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के जेनरल बॉगी के निचले हिस्से में आग लग गई। घटना के बाद यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। इधर, सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। करीब तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकता है। दानापुर-दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास हुई। हादसे के बाद ट्रेन के एलएचबी कोच को डुमरांव स्टेशन पर ही छोड़कर अधिकारियों ने ट्रेन को बांद्रा के लिए रवाना किया। इस दौरान इस ट्रैक पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बताया जा हा है कि बुधवार देर रात 1:02 बजे पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस दानापुर डीडीयू रेलखंड के टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी, तभी स्टेशन पर मौजूद रेलवे कर्मचारी देखा कि जनरल बोगी के निचले हिस्से से आग की लपटें निकल रही है। तुरंत रेलवे कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया।

Jammu & Kashmir

## जम्मू और कश्मीर में भारत के 5 दुश्मन ढेर, भारतीय सेना का आतंकवादियों के खिलाफ बड़ा ऐक्शन

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू और कश्मीर में सुरक्षाबलों ने गुरुवार सुबह बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है। खबर है कि कुलगाम जिले के कादर इलाक में हुए इस एनकाउंटर में 5 आतंकवादियों को मार गिराया है। साथ ही 2 सैनिकों भी मुठभेड़ में घायल हो गए हैं। भारतीय सेना के चिनार कॉर्प्स का कहना है कि आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी थी।

चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर जानकारी दी, 'ऑपरेशन कादर, कुलगाम। 19 दिसंबर 2024 को आतंकियों की मौजूदगी से जुड़े इनपुट के आधार पर कुलगाम के कादर में भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने साझा ऑपरेशन शुरू



किया था। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियां देखी थीं और जब चुनौती दी गई तो आतंकवादियों की तरफ से तेज गोलीबारी शुरू कर दी गई। हमारे सैनिकों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। ऑपरेशन जारी है।'एक अधिकारी ने बताया है कि मुठभेड़ वाले स्थल पर आतंकवादियों के 5 शव मिले हैं।

खेल

# अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक लिया संन्यास




**ब्रिस्बेन, (एजेंसी)** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने गाबा टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। अश्विन कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे थे और वहां इसकी घोषणा की। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे। इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे।

38 साल का यह स्पिनर भारत के लिए कई रिकॉर्ड बना चुका है। वह टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में सातवें स्थान पर हैं। अश्विन के नाम 106 टेस्ट में 537 विकेट हैं। 59 रन देकर सात विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। इस दौरान उनका औसत 24.00 का और स्ट्राइक रेट 50.73 का रहा है। अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय में अनिल कुंबले के बाद दूसरे नंबर पर हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट थे। अश्विन का एलान चौंकाने वाला है, क्योंकि वह भारतीय सरजमीं पर भारतीय स्पिन अटैक की धार थे। अपने घर पर डेब्यू के बाद से जब भी वह स्क्वॉड में चुने गए, हर बार वह टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने घर पर कोई टेस्ट मिस नहीं किया है।

अश्विन के नाम टेस्ट में 37 फाइव विकेट हॉल है, जो कि किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। उनके बाद कुंबले का नंबर आता है। कुंबले ने टेस्ट में 35 बार पारी में पांच विकेट लिए थे। ओवरऑल सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 67 बार ऐसा किया था। अश्विन शेन वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।

अश्विन 106 टेस्ट खेलने के अलावा 116 वनडे और 65 टी20 में भी टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने वनडे में 156 विकेट और टी20 में 72 विकेट लिए थे। वनडे में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 25 रन देकर चार विकेट और टी20 में आठ रन देकर चार विकेट है। वनडे में उनकी इकोनॉमी 4.93 की और टी20 में 6.90 की रही है। हालांकि, इन दोनों में वह एक बार भी पारी में पांच विकेट नहीं ले पाए। इसके अलावा अश्विन ने टेस्ट में काफी रन भी बनाए हैं। उनके नाम टेस्ट में 3503 रन हैं। इस दौरान उनका औसत 25.75 का रहा है। अश्विन के नाम टेस्ट में सर्वोच्च स्कोर 124 रन का रहा है। उन्होंने छह शतक और 14 अर्धशतक लगाए हैं। इसके अलावा वनडे में उन्होंने 16.44 की औसत से 707 रन और टी20 में 114.99 के स्ट्राइक रेट से 184 रन बनाए हैं।

अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू पांच जून 2010 को हरारे में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में किया था। वहीं, टी20 डेब्यू उन्होंने 12 जून 2010 को ही हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ किया था।

सिनेमा

## मलयालम एक्ट्रेस मीना गणेश का 81 साल की उम्र में निधन, 105 से ज्यादा फिल्मों में किया था काम, इंडस्ट्री में शोक



साउथ फिल्म इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आ रही है। दिग्गज मलयालम एक्ट्रेस मीना गणेश का निधन हो गया है। वो 81 साल की थीं। उन्होंने प्राइवेट हॉस्पिटल में 19 दिसंबर, गुरुवार को आखिरी सांस ली। उनके निधन से पूरी इंडस्ट्री शोक में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मीना गणेश ने साल 1977 की फिल्म 'मणि मुझक्कम' से एक्टिंग की शुरुआत की थी। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले मीना गणेश एक प्रमुख थिएटर आर्टिस्ट थीं और वो फिल्म एक्टर और सह-थिएटर कलाकार एएन गणेश की पत्नी थीं। मीना गणेश ने लगभग 105 फिल्मों में एक्टिंग की है, जिनमें से ज्यादातर में उन्होंने सपोर्टिंग रोल्स निभाए। उन्होंने साल 1983 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म 'मंडनमार लोंदानिल' में अहम भूमिका निभाई थी। बाद में उन्होंने 'उत्सव मेलम', 'गोलंथरा वर्था', 'सक्षल श्रीमन चथुन्नी', 'कल्याण सौगंधिकम', 'सियामी इरत्तकल', 'श्रीकृष्णपुराथे नक्षत्रथिलक्कम', 'माई डियर कराडी' सहित कई फिल्मों में काम किया। मीना गणेश ने कलाभवन मणि, पृथ्वीराज सुकुमारन, दिलीप, मोहनलाल, ममूटी जैसे बड़े एक्टर्स के साथ स्क्रीन शेयर की। वो मुख्य रूप से कलाभवन मणि की फिल्मों जैसे 'वसंथियुम लक्ष्मीयुम पिन्ने नजानुम' और 'करुमादिकुट्टन' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं।




1. What caused Navy boat & ferry's crash that killed 13?
2. Heavy rainfall and severe cold wave warnings issued for several states, list released
3. Congress leaders get notices from X for sharing 'edited' clips of Shah's speech
4. Rupee hits all-time low of 85 against US dollar
5. PM expresses grief over Mumbai boat tragedy; announces ₹2 lakh aid
6. Dense fog alert issued for Delhi, air quality nears 'severe plus'

# Amid payment dispute, Bangladesh seeks to reopen power deal with Adani using bribery charges: Report




**NEW DEIHI, (Agency).** Bangladesh's interim government has reportedly raised concerns over a multi-billion-dollar agreement with Adani Power, accusing the Gautam Adani-led company of not passing on tax benefits related to a power plant critical to the deal, reports Reuters.

In 2017, Adani Power, owned by billionaire Gautam Adani, entered into an agreement to supply power from its coal-fired plant in eastern India to Bangladesh. The Bangladeshi government is now seeking to renegotiate the deal, which it claims is costing more than other similar power deals, according to Bangladesh power agency documents and letters between the two parties cited in the report, which also interviewed six Bangladesh officials.

Bangladesh has been facing delays in payments to Adani Power since the supply began in July 2023, and the two sides are in dispute over the total amount owed, the report said.

Bangladesh's energy minister, Muhammad Fouzul Kabir Khan, stated that the country now has sufficient domestic power generation capacity, though some plants remain inactive.

The deal includes provisions for tax exemptions, but Bangladesh claims that Adani Power did not inform them of changes to the plant's tax status, as required by the agreement. This failure has led to concerns over potential savings that Bangladesh believes it should have received. The Bangladesh Power Development Board (BPDB) estimates potential savings of around $28.6 million from the tax benefits.

## SEBI makes IPO rules stricter for small firms, overhauls investment banking norms

**NEW DEIHI, (Agency).** The Securities and Exchange Board of India (SEBI) board approved a series of measures on Wednesday, including stricter regulatory norms for small and medium enterprises' (SME) IPOs.

The board has also green lit a comprehensive overhaul of investment banking regulations, and an expanded definition of Unpublished Price Sensitive Information (UPSI).

The board has decided to introduce profitability criteria for companies planning to come out with an Initial Public Offering (IPO), put a limit on offer-for-sale (OFS) and introduce phased lock-in for promoters.

To curb conflicts of interest, merchant bankers cannot lead-manage public issues if key personnel hold more than 0.1 per cent of the issuer's shares.

## न्यूमलयालम स्टील लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

### कुल इश्यू साइज – 46,40,000 इक्विटी शेयर, प्रत्येक ₹10 के

**मुंबई।** न्यूमलयालम स्टील लिमिटेड, जो जस्ती पाइप, ट्यूब और शीट में विशेषज्ञता रखता है, अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) गुरुवार, 19 दिसंबर 2024 को खोलने का प्रस्ताव करता है। कंपनी इस IPO के माध्यम से 41.76 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाने का लक्ष्य रखती है। यह इश्यू 46,40,000 इक्विटी शेयरों का है, जिसमें प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य 10 और प्राइस बैंड 85 - 90 प्रति शेयर रखा गया है। इस IPO के तहत शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग मौजूदा उत्पादन सुविधा के आईटी/प्रौद्योगिकी उन्नयन, ऊर्जा उत्पादन के लिए मौजूदा सोलर सुविधा के विस्तार, केरल में मौजूदा फैक्ट्री परिसर के भीतर एक नई फैक्ट्री शेड-कम-स्टोरेज सुविधा के सिविल निर्माण के खर्च को वित्तपोषित करने, विज्ञापन, मार्केटिंग और ब्रांड बिल्डिंग, अतिरिक्त कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, इश्यू से संबंधित खर्चों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू सोमवार, 23 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर खंडवाला सिक्योरिटीज लिमिटेड है और रजिस्ट्रार केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड है।

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकलित है...!

'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक